2018

HINDI

(Major)

Paper : 5.4

(Hindi ka Ekanki Sahitya)

Full Marks : 60

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×7=7

(क) 'श्रेष्ठ एकांकी' के संपादक का नाम लिखिए।

(ख) 'कारवाँ' एकांकी का प्रकाशन-सन् क्या है?

(ग) मीना कौन है?

(घ) उपेन्द्रनाथ अश्क द्वारा विरचित पाठ्य एकांकी का नाम लिखिए।

(ङ) मम्मी किस पाठ्य एकांकी की नारी पात्रा है?

(च) दादा मूलराज की पोती का नाम लिखिए।

(छ) संजय को कैसी दृष्टि प्राप्त है?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×4=8

(क) "मेरी युद्धभूमि में केवल भैरवी का नृत्य हो सकता है, चारुमित्रा का नहीं।" आशय स्पष्ट कीजिए।

(ख) दुर्योधन के पक्ष का न्याय क्या था?

(ग) "दूध, औलाद और स्त्री को बिगड़ते देर नहीं लगती बाबूजी!" उक्त कथन कौन, किससे कह रहा है?

(घ) "फिर सुना है, रूप के उपासक हैं और तुम रूपसी हो!" उक्त कथन का संदर्भ स्पष्ट कीजिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×3=15

(क) नाटक और एकांकी के अंतर को स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'यह स्वतंत्रता का युग' एकांकी का मूल प्रतिपाद्य लिखिए।

(ग) बेला के चरित्र की विशेषताएँ रेखांकित कीजिए।

(घ) 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में चित्रित समस्या का विश्लेषण कीजिए।

(ङ) धर्मवीर भारती पर टिप्पणी लिखिए।

4. सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10

आज तो स्त्रियाँ ही नहीं, उनका प्रत्येक सुंदर अंग भी इंश्योर्ड होता है।

अथवा

जब कुर्सी-मेज बिकती है, तब दुकानदार कुर्सी-मेज से कुछ नहीं पूछता, सिर्फ खरीददार को दिखला देता है।

5. हिन्दी एकांकी के विकास पर प्रकाश डालिए। 10

अथवा

एकांकी को परिभाषित करते हुए उसके स्वरूप को स्पष्ट कीजिए।

6. चारुमित्रा का चरित्र-चित्रण कीजिए। 10

अथवा

एकांकी कला की कसौटी पर 'समरेखा विषमरेखा' **अथवा** 'मम्मी ठकुराइन' की समीक्षा कीजिए।

★★★